# अमर उजाला (Amar Ujala)

| दिनाँक (Dated): 10.06.2024 | पृष्ठ सं0 (Page No). 03 | क्रम सं0(Serial No.) 6 |
|---|---|---|


## 25 लाख के लाल चंदन के साथ वियतनामी पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर शनिवार को 25 लाख मूल्य के लगभग 11.970 किलोग्राम वजन वाले प्रतिबंधित लाल चंदन के साथ वियतनामी नागरिक गुयेन थान तुंग को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि रात 9 बजे आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कर्मचारियों ने चेक-इन क्षेत्र में एक विदेशी यात्री की संदिग्ध गतिविधियों को देखा। संदेह होने पर एक्स-बीआईएस मशीन के माध्यम से उसके सामान की जांच की गई। सीमा शुल्क अधिकारियों की उपस्थिति में लॉग के दो टुकड़ों का पता चला, इसे चेक-इन बैगेज के अंदर छुपाया गया था। लॉग की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए सीआईएसएफ ने वन अधिकारियों से संपर्क किया गया। बाद में वन अधिकारियों ने लाल चंदन की पुष्टि की। ब्यूरो